# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29 मार्च 2024 **7:20 AM**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया कल से हुयी शुरू, पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए की गयी नामांकन पत्रों की जांच
- चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहने वाले बारह आवश्यक सेवाओं के कर्मियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा
- मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार ने कल अयोध्या पहुंचकर रामनवमी मेले की तैयारियों की समीक्षा की
- प्रदेश भर में कल मनाया गया विश्व क्षय रोग दिवस

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल जारी हो गयी। इसके साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। दूसरे चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर चुनाव होगा। इनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं। अमरोहा में कल सत्रह नामांकन पत्र खरीदे गए। इनमें एक–एक नामांकन पत्र भाजपा व बसपा प्रत्याशी के लिए खरीदा गया, जबकि पंद्रह अन्य नामांकन पत्र निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशियों के लिए खरीदे गए। वहीं गौतमबुद्धनगर में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। पहले दिन किसी भी सीट पर कोई नामांकन नहीं हुआ।

इन आठ सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नाम वापस लिये जा सकते हैं। इन सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नामांकन का समय सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे के बीच तय है।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों के लिए दाखिल कुल दो सौ एक नामांकन पत्रों की कल जांच की गई। मुरादाबाद में वर्तमान सांसद एसटी हसन समेत पांच प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच के बाद खारिज कर दिये गये हैं। उधर, रामपुर में आजम खान के करीबी माने जाने वाले आसीम राजा समेत बारह प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त किये गये। प्रत्याशी कल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन दो हजार चौबीस में मतदान के दिन ड्यूटी पर रहने वाले बारह सेवाओं के कर्मियों को बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। इनमें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा, डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों समेत मतदान दिवस की कवरेज के लिए आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन बारह सेवाओं के कार्मिकों को फार्म बारह डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराना होगा । सत्यापित फार्म को सम्बन्धित चरण की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा भी करना होगा।

**********

चुनाव आयोग चुनावों के दौरान 27 आईटी ऐप्स के साथ प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रहा है। ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से प्रौद्योगिकी के उपयोग ने उम्मीदवारों और लोगों के साथ–साथ उन अधिकारियों के लिए भी प्रणाली को आसान बना दिया है जो चुनावी प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। एक रिपोर्ट.......

***ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवार नामांकन और शपथ पत्र दाखिल कर रहे हैं। उम्मीदवार बैठकों, रैलियों आदि के लिए अनुमति मांगने के लिए भी इस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं। मतदाता हेल्पलाइन ऐप वीएचए के माध्यम से लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, मतदान केंद्र का विवरण देख सकते हैं और ई–एपिक चुनाव फोटो पहचान पत्र डाउनलोड भी कर सकते हैं। सी–विजिल ऐप का उपयोग आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए किया जाता है। उम्मीदवार का शपथ पत्र एफिडेविट पोर्टल और केवाईसी ऐप पर उपलब्ध है। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करना अनिवार्य है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में प्रबुद्धजन सम्मेलनों को संबोधित किया। मुजफ्फरनगर के प्रबुद्धजन सम्मेलन में श्री योगी ने कहा कि लोगों के एक–एक वोट ने तस्वीर बदली है।

वहीं शामली में प्रबुद्धजन सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जब वोट गलत हाथ में जाता है तो पलायन होता है लेकिन जब वोट सही जगह जाता है तो रोजगार के अवसरों का सृजन होता है। सहारनपुर के सम्मेलन में श्री योगी ने सभी से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर मतदान प्रतिशत बढ़ेगा तो निश्चित रूप से फायदा होगा।

राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कल अमरोहा में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर की सुरक्षा और रामनवमी मेले की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार ने मंदिर परिसर में कल समीक्षा बैठक की।बैठक की जानकारी देते हुए आईजी रेंज अयोध्या, प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों उच्च अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए हैं। बैठक में रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, ठहरने, पेयजल और मेडिकल समेत अन्य व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गयी।

सत्रह अप्रैल को नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की पहली रामनवमी मनाई जाएगी। इस मौके पर लगभग पचास लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। क्राउड मैनेजमेंट के लिए विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं।

**********

होली के कारण इस वर्ष विश्व क्षय रोग दिवस चौबीस मार्च को न मना कर प्रदेश भर में कल मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में टीबी चौम्पियन समेत टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि समय से पहचान होने पर टीबी का सम्पूर्ण इलाज संभव है। वाराणसी जिले में विश्व क्षय रोग दिवस पर एसएसपीजी चिकित्सालय में तीस क्षय रोगियों को प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक और जिला क्षय रोग अधिकारी की तरफ से पोषण पोटली प्रदान की गयी। प्रतापगढ़ जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के शास्त्री सभागार में आयोजित कार्यशाला के दौरान बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गयी। कन्नौज जिले में जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए सहयोग की अपील की गयी। हापुड़ जिले में ई रिक्शा पर भी पोस्टर लगा कर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

**********

सिद्धदोष बंदी और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का बीती रात हृदय गति रुकने से बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया। प्रदेश पुलिस के अनुसार अलग अलग मामलों में सजायाफ्ता और कई मामलों में विचाराधीन चल रहे बांदा जेल के तिरसठ वर्षीय बंदी मुख्तार की तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। निधन की सूचना सार्वजनिक होते ही पूरे प्रदेश और खासतौर पर मऊ जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी। मुख्तार मऊ सदर सीट से पांच बार विधायक रहे हैं।

**********

बहराइच जिले के हरदी थानाक्षेत्र में गांधला गांव के पास बीती रात एक सड़क दुर्घटना में एक ही बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गयी । यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली को बाइक सवारों ने ओवरटेक करने का प्रयास किया और ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गये।

**********